# भारत का पहला पृथ्वी अवलोकन उपग्रह तारामंडल

स्रोत: TH

भारत **सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल** के तहत एक निजी संघ के नेतृत्व में अपना **पहला पूर्णतः स्वदेशी वाणिज्यिक पृथ्वी अवलोकन (EO) उपग्रह समूह** लॉन्च करने के लिये तैयार है।

- बेंगलुरु स्थित **पिक्सिलस्पेस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को** भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) द्वारा भारत के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह समूह के निर्माण और संचालन के लिये चुना गया है।
    - यह संघ पाँच वर्षों में 12 उपग्रहों का निर्माण करेगा तथा उनका प्रक्षेपण, संचालन, ज़मीनी अवसंरचना का विकास और डेटा का व्यवसायीकरण करेगा।
    - इस समूह में उच्च रिज़ोल्यूशन, विस्तृत कवरेज वाले विभिन्न उपग्रह शामिल होंगे, जिनमें सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) और हाइपर-स्पेक्ट्रल उपग्रह **शामिल** होंगे।
- विकसित उपग्रह जलवायु परिवर्तन निगरानी, आपदा प्रबंधन, कृषि, बुनियादी ढाँचा, समुद्री निगरानी, राष्ट्रीय सुरक्षा, शहरी योजना और वैश्विक भू-स्थानिक खुफिया की मांग को पूरा करने के लिये **विश्लेषण-तैयार डेटा (ARD)** और **मूल्य-वर्द्धित सेवाएँ (VAS)** प्रदान करेंगे।
    - यह पहल **डेटा संप्रभुता** सुनिश्चित करती है तथा विदेशी उपग्रह डेटा पर निर्भरता को कम करती है।
- **IN-SPACe**: यह अंतरिक्ष विभाग के अंतर्गत एक **सिंगल-विंडो, स्वतंत्र, नोडल एजेंसी** है, जो उपग्रहों, प्रक्षेपण यानों और अंतरिक्ष सेवाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सक्षम और विनियमित करती है तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और गैर-सरकारी संस्थाओं के बीच कड़ी के रूप में कार्य करती है।

**और पढ़ें:** भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी समन्वय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-first-earth-observation-satellite-constellation